भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं.141
गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वर्ष 2023 को 'विजिट इंडिया' (भारत भ्रमण) वर्ष के रूप में घोषित किया जाना

141 श्रीमती शांता क्षत्रीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय की वर्ष 2023 को 'विजिट इंडिया' (भारत भ्रमण) वर्ष घोषित करने की योजना है;

(ख) इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या इस प्रस्ताव के पर्यटन संबंधी मानचित्र में दाजलिंग हिल्स शामिल है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय ने दिनांक 31.01.2023 को विजिट इंडिया ईयर 2023 अभियान आरंभ किया है । इस अभियान के एक हिस्से के रूप में विजिट इंडिया ईयर 2023 के लिए लोगो तथा अभियान फिल्म जारी की गई ।

विजिट इंडिया अभियान के माध्यम से दुनिया भर के पर्यटकों को विरासत, संस्कृति, खानपान, वन्यजीव, एडवेंचर, कला आदि का अनुभव लेने के लिए हमारे देश की यात्रा हेतु आमंत्रित किया जाता है। यह मंत्रालय इस अभियान के प्रचार और अधिकाधिक घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को देश की ओर आकर्षित करने के लिए विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों तथा औद्योगिक हितधारकों और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ मिलकर काम कर रहा है ।

(ग) और (घ) : पर्यटन मंत्रालय द्वारा अन्य के साथ-साथ दार्जिलिंग की पहाड़ियों सहित भारत का समग्र रूप से संवर्धन किया जाता है । मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडलों और आधिकारिक वेबसाइट www.incredibleindia.org के माध्यम से इस गंतव्य का निरन्तर संवर्धन किया जाता है ।

इसके अतिरिक्त, यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि जी20 पर्यटन कार्य समूह (टीडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक अप्रैल 2023 में सिलीगुड़ी में आयोजित की गई थी । जी20 टीडब्लयूजी संवर्धन के एक भाग के रूप में दार्जिलिंग की पहाड़ियों और उसके आस-पास के पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन किया गया । टीडब्ल्यूजी बैठक से दार्जिलिंग की पहाड़ियों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर भलीभांति स्थापित करने में सहायता मिली है ।

*****